Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 16-05-2006

Participants : Chavan Shri Harischandra Devram

an>

Title : Need to release funds for development of Manmad in view of forthcoming Kumbh Mela of 2008 at Nanded, Maharashtra.

श्री हरिश्चंद्र चव्हाण (मालेगाँव) : महोदय, सिखों के धार्मिक कुंभ मेले का आयोजना सन 2008 में नांदेड़ के पवित्र गुरूद्वारा सुवर्णज्यंती अवसर पर होने वाला है। इस मेले के लिए देश भर में से 50 से 60 लाख श्रद्धालु नांदेड में आयेंगे। यह सभी श्रद्धालु इस कालखंड में मनमाड के पविद्ध गुरूद्वारा में माथा टेक कर नांदेड जायेंगे और वापस मनमाड होकर ही अपने अपने स्थान पर लौटेंगे। इस कुंभ मेले के लिए केन्द्र और राज्य सरकार ने नांदेड शहर के प्राथमिक सुविधा के लिए 718 करोड रूपए मंजूर किए हैं। इसी तरह मनमाड शहर के लिए 100 करोड़ रूपए की निधि की मदद मिलनी चाहिए। क्योंकि कुंभ मेले के लिए जाने वाले सभी यात्री मनमाड से होते हुए जायेंगे। इन सभी लोगों के लिए 100 बिस्तर का अस्पताल, पीने का पानी, शौचालय, अतिरिक्त पुलिस चौकियों की स्थापना हेतु इन सब सुविधा के लिए इस निधि की जरूरत है। चौकियों की स्थापना हेतु इन सब सुविधा के लिए इस निधि की जरूरत है। मनमाड का महत्व पर्यटन के लिए भी है। मनमाड से सभी धार्मिक क्षेत्र शिरडी, नाशिक, त्रयंबकेश्वर, औरंगाबाद, वेरूळ, अजंठा नजदीक होने के कारण यह निधि की मदद मिलनी चाहिए।